राष्ट्रीयकृत बैंकों की सेवाओं में कुशलता

716. श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री सी० चित्तिबाबू

क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों की सेवा कुशलता में आमतौर पर कमी हुई है और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) (क) इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि राष्ट्रीयकरण के पश्चात् कुशलता में कोई आम कमी आई है। तथापि राष्ट्रीयकृत बैंकों की सेवाओं में अकुशलता के सम्बन्ध में जनता से समय-समय पर शिकायतें प्राप्त होती रहती है। शिकायतों के विशेष मामलों में सम्बन्धित बैंकों के साथ समुचित कार्यवाही के लिये पत्र व्यवहार किया जाता है। इस प्रकार की शिकायतें राष्ट्रीयकरण से पहले भी प्राप्त होती ही रहती थी।

(ख) अप्रैल 1971 के अन्तिम सप्ताह में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों तथा कामगर कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रतिनिधियों की वित्त मंत्री के साथ अलग-अलग हुई बैठकों में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि ग्राहक सेवा में सुधार के प्रश्न पर सभी स्तरों पर निरन्तर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ कालेजों को सम्बद्ध करना

717. श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि छात्रों, अध्यापकों तथा जनता की ओर से जिला अलीगढ तथा उसके आस पास के क्षेत्रों के कालेजों को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्ध करने की काफी समय से मांग की जा रही है,

(ख) क्या यह भी सच है कि उसके फलस्वरूप उन कालेजों के छात्रों को अपने अध्ययन तथा अनुसधान कार्य के लिए जैसे पुस्तकालय आदि की सुविधायें उपलब्ध हो जायेंगी, और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है और मांग की जाने का विचार है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) और (ग). कुछ छात्र-संगठनों और व्यक्तियों के अभ्यावेदन इस सम्बन्ध में प्राप्त हुए है। इन में अन्य बातों के साथ अलीगढ़ में स्थित कालिजों को अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सम्बद्ध करने की मांग की गई है। सम्बद्ध करने का अधिकार विश्वविद्यालयों के प्राधिकारियों में निहित है। यह सम्बन्धित कालिजों के लिए है कि वे सबंधन के लिए विश्वविद्यालय से सम्पर्क स्थापित करें।

(ख) विश्वविद्यालय सामान्यत उन सभी लोगों को अनुमति प्रदान करता है, जो पुस्तकालय में अनुसन्धान करने की सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं, चाहे वे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हों या नहीं।